# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (26.11.2024)**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 26.11.2024, PAGE-06**

## छात्र संवाद में उठा रिजल्ट का मुद्दा

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में सोमवार को छात्र संवाद में विभिन्न समस्याओं को लेकर छात्र-छात्राओं ने पदाधिकारियों से शिकायत की।

बेतिया से पहुंचे छात्र ने कहा कि पीजी की परीक्षा में उपस्थित होने के बाद भी अनुपस्थित बताकर परिणाम पेंडिंग कर दिया गया है। विवि में दो बार पूर्व में भी आवेदन दे चुके हैं, लेकिन सुधार नहीं हुआ है। पीजी के छात्रों ने एक से दो नंबर तक कम मिलने पर भी फेल कर दिये जाने पर आक्रोश जताया।

डिग्री के लिए चक्कर काट रही छात्रा ने बताया कि 2011-13 में बीएड उत्तीर्ण की। इसके बाद ही डिग्री के लिए आवेदन किया, लेकिन अबतक डिग्री नहीं बनी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 26.11.2024, PAGE-06

### विवि में पांच दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव शुरू, ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल के लिए चुने जाएंगे प्रतिभागी

# कजरी, झूमर से विदेशिया तक की रही धूम

**पहला दिन**

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। आजु मिथिला नगरिया निहाल सखियां ...। सोमवार को सांस्कृतिक महोत्सव में जब छात्राओं ने इस गीत की प्रस्तुति दी तो सभी झूम उठे। शास्त्रीय संगीत की प्रतियोगिता से लेकर शास्त्रीय वादन में छात्र-छात्राओं ने अपने बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हर एक प्रस्तुति एक से बढ़कर एक। वादन में तबला, हारमोनियम, बैंजो से लेकर गिटार तक की प्रस्तुति हुई तो समूह लोकगीत से लेकर समूह देशभक्ति गीत में छात्रों ने जलवा बिखेरा। भिखारी ठाकुर की विदेशिया और शारदा सिन्हा की झूमर की भी प्रस्तुत दी।

बीआरएबीयू में पांच दिवसीय महोत्सव के तहत सोमवार को 10 विधाओं की प्रतियोगिता हुई। इससे पहले कुलपति प्रो. दिनेश चन्द्र राय ने सांस्कृतिक महोत्सव-सह टीम चयन प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. आलोक प्रताप सिंह, एलएनटी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह, सांस्कृतिक समन्वयक प्रो. इन्दुधर झा ने प्रतियोगिताओं के विभिन्न नीति-निर्देशों से अवगत कराया। डॉ. पयोली ने मंच-संचालन किया। प्रतियोगिता में लगभग 15 कॉलेजों व विवि के चार पीजी विभागों से 105 प्रतिभागियों ने भाग लिया।






सोमवार को विवि में सांस्कृतिक महोत्सव में टीम चयन प्रतियोगिता के लिए प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं और कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति।

### शास्त्रीय संगीत ने किया मंत्रमुग्ध

कभी कजरी तो कभी झूमर। लोकगीतों के हर अंदाज को जब सांस्कृतिक महोत्सव में प्रस्तुत किया गया तो सभी देर तक झूमते रहे। बेतिया, मोतिहारी, एमडीडीएम, आरएन कॉलेज हाजीपुर के छात्र-छात्राओं की शास्त्रीय संगीत में प्रस्तुति बेहतरीन रही। प्रो. इन्दुधर झा ने कहा कि बेतिया, नरकटियागंज, हाजीपुर, एमडीडीएम, आरडीएस, एलएनटी, चकिया, आरबीबीएम, लोहिया कॉलेज समेत विभिन्न कॉलेजों के प्रतिभागी शामिल हुए।

### 50 प्रतिभागियों का होगा चयन

चयनित प्रतिभागी ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। किस विधा में किसका चयन किया गया, यह प्रतियोगिता की समाप्ति पर पता चलेगा। अंतिम तौर पर 50 प्रतिभागियों का विभिन्न विधाओं में चयन किया जाएगा। अगर प्रतिभागी अभ्यास के दौरान नहीं आते हैं तो उन्हें हटाया भी जा सकता है। 25 दिनों की ट्रेनिंग प्रतिभागियों को कराई जाएगी। 10 दिसंबर से ट्रेनिंग शुरू होगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)
**Website:-www.brabu.net**



DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 26.11.2024, PAGE-06


# अंकों की रिटोटलिंग के लिए बनेगी कमेटी

## आरटीआइ से कापियों की छायाप्रति में आने वाली त्रुटियों के बाद लिया गया फैसला

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अब उत्तर पुस्तिकाओं में छूटे हुए प्रश्नों के मूल्यांकन से लेकर अंकों के योग में अगर किसी तरह की गड़बड़ी होगी तो उसे दूर किया जाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से कमेटी का गठन होगा। इसमें तीन या पांच सदस्य होंगे। जल्द ही विश्वविद्यालय की ओर से समिति का गठन होगा।

आरटीआइ के तहत उत्तर पुस्तिकाओं की छायाप्रति में मिलने वाली गड़बड़ियों की शिकायत संबंधी खबर दैनिक जागरण में सोमवार के अंक में छपने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने संज्ञान लिया है। प्राक्टर प्रो. बीएस राय ने जल्द से जल्द कमेटी बनाए जाने का निर्देश परीक्षा विभाग को दिया है। उत्तर पुस्तिकाओं में कम अंक दिए जाने और मूल्यांकन में अंकों के योग में गड़बड़ी की लगातार शिकायत छात्र संवाद में आ रही है। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि छात्र-छात्राओं को अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की रिटोटलिंग के लिए आवेदन करना होगा। इसके लिए उन्हें 75 रुपये का शुल्क जमा करना होगा। इसके बाद छात्र-छात्राओं के आवेदन के आधार पर समिति उत्तर पुस्तिकाओं को दुबारा देखेगी। इसमें चेक किया जाएगा कि सभी प्रश्नों का मूल्यांकन हुआ है या कोई प्रश्न अमूल्यांकित है। साथ ही अंकों का योग सही -सही हुआ है या नहीं। अगर अंकों के योग में गड़बड़ी है तो उसे ठीक किया जाएगा। अगर रिटोटलिंग के बाद रिजल्ट में कोई बदलाव होता है तो नए सिरे से परिणाम जारी किया जाएगा। इसके बाद अंकों में सुधार कर छात्र-छात्राओं को अंकपत्र मिलेगा। उल्लेखनीय है कि स्नातक से लेकर पीजी के छात्र-छात्राओं ने पिछले दिनों जारी परिणाम में गड़बड़ी की शिकायत की थी। उनका आरोप था कि सही -सही उत्तर लिखने के बाद उन्हें कम अंक मिले हैं। जब कापियों की छाया प्रति निकाली गई तो दर्जनों कापियों में अंकों के योग में गलती पाई गई थी। साथ ही इसमें कई प्रश्नों का मूल्यांकन नहीं किया गया था।

**जागरण प्रभाव**

**3** से पांच सदस्यीय होगी समिति
छात्रों के आवेदनों के आधार पर अंकों की होगी रिटोटलिंग


पहले देते अधिक अंक, फिर काटकर करते कम

जागरण में प्रकाशित खबर

## छूटी स्पेशल परीक्षा, छात्र संवाद में पहुंचा मामला



विश्वविद्यालय में छात्र संवाद में अपनी समस्या लेकर पहुंचे विद्यार्थी • जागरण

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में कई परीक्षार्थियों की स्पेशल परीक्षा छूट गई है। सोमवार को विश्वविद्यालय ओल्ड गेस्ट हाउस में हुए छात्र संवाद में कई छात्रों ने पहुंचकर दुबारा परीक्षा कराए जाने की मांग की। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अब दुबारा टीडीसी पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा नहीं हो सकती है।

पिछले दिनों तीन सत्र के टीडीसी पार्ट वन की परीक्षा में फेल, प्रमोट और छूटे हुए विद्यार्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आखिरी बार पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा आयोजित कराई जा रही है। पिछले वर्ष से विश्वविद्यालय में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम शुरू हो चुका है। वहीं पीजी से लेकर स्नातक की परीक्षा में कम अंक दिए जाने की शिकायत को लेकर भी छात्र पहुंचे। उनका आरोप था कि विश्वविद्यालय में कापियों का मूल्यांकन सही तरीके से नहीं कराया जा रहा है। दूसरी ओर कई छात्रों ने आवेदन के बाद भी डिग्री नहीं जारी होने की शिकायत की है। कहा है कि तीन महीने पहले आवेदन किया था, लेकिन अब तक डिग्री नहीं मिली है। छात्र संवाद में प्राक्टर प्रो. बीएस राय, डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह, गेस्ट हाउस इंचार्ज डा. अमर बहादुर शुक्ला, परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान, डिप्टी कंट्रोलर डा. आनंद प्रकाश दूबे, डा. रेणुबाला समेत अन्य उपस्थित रहे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFAPRUR, DATE : 26.11.2024, PAGE-06

# सांस्कृतिक महोत्सव में 15 कालेजों के प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के सीनेट हाल में मंगलवार को सांस्कृतिक महोत्सव सह टीम चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पहले दिन संगीत गायन व वादन की कुल 10 विधाओं में 15 कालेजों से 105 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। कुलपति प्रो. डीसी राय ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

कुलपति ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में हार या जीत मायने नहीं रखती है। जो कार्य मन से किया जाता है उसमें सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने कलाकारों को अनुशासन का परिचय देने की सलाह दी। कहा कि विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक टीम के नेतृत्व में कलाकार और स्पोर्ट्स टीम के नेतृत्व में खिलाड़ी बेहतर कर रहे हैं। डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्वविद्यालय की टीम यूनिफेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करे। ललित नारायण तिरहुत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह, सांस्कृतिक समन्वयक प्रो. इंदुधर झा के अलावा सांस्कृतिक समिति के सदस्यों ने छात्र-छात्राओं को संबोधित कर सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विभिन्न नीति-निर्देशों से अवगत कराया। मंच-संचालन डा. पयोली ने किया।

सांस्कृतिक समन्वयक डा. इंदुधर झा ने बताया कि मंगलवार को सीनेट हाल में शास्त्रीय नृत्य व समूह लोकनृत्य विधाओं की प्रतियोगिता होगी। निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में डा. रजनीकांत पांडेय, डा. राकेश मिश्रा, डा. दिवाकर नारायण पाठक, डा. रूपाली दास उपस्थित हुए। उल्लेखनीय है कि सांस्कृतिक महोत्सव सह चयन प्रतियोगिता का आयोजन 29 नवंबर तक होना है।



महोत्सव का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. डीसी राय ( बाएं से दूसरे ) ● जागरण



विश्वविद्यालय सांस्कृतिक महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देते प्रतिभागी ● जागरण

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR DATE : 26.11.2024 PAGE-06

# विश्वविद्यालय में फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम आज से

**मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के यूजीसी एमएमटीटीसी में मंगलवार से 95वें फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम की शुरुआत होगी। 22 दिसंबर तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विविध विश्वविद्यालयों से 50 शिक्षकों का चयन किया गया है। यूजीसी एमएमटीटीसी के उप निदेशक डा. राजेश्वर कुमार ने बताया कि सुबह 11.30 बजे कार्यक्रम का उद्घाटन होगा। (जासं)

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**



**DAINIK BHASKAR MUZAFFARPUR, DATE:26.11.2024 PAGE-02**


## यूजीसी एमएमटीटीसी में आज से फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम

**मुजफ्फरपुर।** बीआरए बिहार विवि के यूजीसी एमएमटीटीसी (मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र) में 26 नवंबर से 22 दिसंबर तक 95वें फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। यूजीसी एमएमटीटीसी के उप निदेशक डॉ. राजेश्वर कुमार ने बताया कि सुबह 11.30 बजे कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन होगा। इसमें बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष प्रो. गिरीश कुमार चौधरी मुख्य अतिथि होंगे। जबकि, आयोग के सदस्य प्रो. अनिल सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे। प्रोग्राम में देश के विविध विवि से कुल 50 शिक्षकों का चयन किया गया है। निदेशक प्रो. राजीव कुमार झा के अनुसार, फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम में शामिल होने वाले शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए सारी तैयारी पूरी कर ली गई हैं।

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR,
DATE : 26.11.2024, PAGE-04

# एफडीपी में देश भर के विवि से 50 शिक्षक होंगे शामिल

- विवि में यूजीसी एमएमटीटीसी की ओर से 95वें एफआईपी प्रोग्राम का आज होगा उद्घाटन

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के यूजीसी एमएमटीटीसी की ओर से मंगलवार से 95वें फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन होगा. यूजीसी एमएमटीटीसी के उपनिदेशक डॉ राजेश्वर कुमार ने बताया कि 22 दिसंबर तक कार्यक्रम चलेगा. 26 नवंबर को इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन होगा जिसमें बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष प्रो. गिरीश कुमार चौधरी मुख्य अतिथि रहेंगे जबकि बिहार लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रो. अनिल सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय अध्यक्षता करेंगे. बताया गया कि 95वें एफआईपी प्रोग्राम में देश के विविध विश्वविद्यालयों से कुल 50 शिक्षकों का चयन किया गया है जिन्हें प्रत्यक्ष रूप से सम्मिलित होकर पाठ्यक्रम को पूरा करना है. निदेशक प्रो. राजीव कुमार झा ने बताया कि फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम में शामिल होने वाले शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिये सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है. इस बार विषय विशेषज्ञ के रूप में देश के सुप्रसिद्ध विश्वविद्यालयों से विद्वान सम्मिलित रहेंगे. फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम में शामिल होने वाले शिक्षकों को इस बार वैशाली का पर्यटन भी कराया जायेगा. प्रोग्राम के समन्वयक डॉ राजेश्वर कुमार, उप निदेशक एमएमटीटीसी, स्नातकोत्तर गणित विभाग के सहायक आचार्य डॉ जेपी त्रिपाठी को बनाया गया है.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 26.11.2024, PAGE-04

## 10 विधाओं में 105 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के सीनेट सभागार में सोमवार को कुलपति प्रो. दिनेश चन्द्र राय ने सांस्कृतिक महोत्सव-सह टीम चयन प्रतियोगिता का उद्घाटन किया. पहले दिन संगीत विधाओं के गायन व वादन में कुल 10 विधाओं की प्रतियोगिता आयोजित हुई. प्रतियोगिता में लगभग 15 महाविद्यालयों व चार विश्वविद्यालय के पीजी विभागों से 105 प्रतिभागियों ने भाग लिया. 26 नवंबर को शास्त्रीय नृत्य एवं समूह लोकनृत्य विधाओं की प्रतियोगिता सीनेट हॉल में आयोजित की जायेगी. सांस्कृतिक महोत्सव-सह टीम चयन प्रतियोगिता पांच दिनों तक चलने वाली है. कुल 28 प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राएं प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे. इसी प्रतियोगिता के आधार पर विश्वविद्यालय की टीम का गठन किया जायेगा. इस दौरान अध्यक्ष छात्र कल्याण, प्रो. आलोक प्रताप सिंह, प्राचार्य, ललित नारायण तिरहुत महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर, प्रो. अभय कुमार सिंह, सांस्कृतिक समन्वयक, प्रो. इन्दुधर झा, सांस्कृतिक समिति के सदस्यगण छात्र-छात्राओं को संबोधित कर सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विभिन्न नीति-निर्देशों से अवगत कराया. डॉ. पयोली ने मंच-संचालन किया.



कार्यक्रम का उद्घाटन करते कुलपति व अन्य.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 26.11.2024, PAGE-04

## छात्र संवाद में स्पेशल परीक्षा दोबारा कराये जाने की मांग

**मुजफ्फरपुर.** विश्वविद्यालय ओल्ड गेस्ट हाउस में सोमवार को हुए छात्र संवाद में कई छात्रों ने पहुंचकर दोबारा स्पेशल परीक्षा कराये जाने की मांग की है. बता दें कि बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में कई छात्र-छात्राओं की स्पेशल परीक्षा छूट गयी है. हालांकि, इस मामले में अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अब दुबारा टीडीसी पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा नहीं हो सकती है. पिछले दिनों तीन सत्र के टीडीसी पार्ट वन की परीक्षा में फेल, प्रमोट और छूटे हुए विद्यार्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आखिरी बार पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा आयोजित कराई जा रही है. पिछले वर्ष से विश्वविद्यालय में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम शुरू हो चुका है. वहीं पीजी से लेकर स्नातक की परीक्षा में कम अंक दिए जाने की शिकायत को लेकर भी छात्र पहुंचे. उनका आरोप था कि विश्वविद्यालय में कापियों का मूल्यांकन सही तरीके से नहीं कराया जा रहा है. कई छात्रों ने आवेदन के बाद भी डिग्री नहीं जारी होने की शिकायत की. छात्र संवाद में प्रॉक्टर प्रो. बीएस राय, डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह, गेस्ट हाउस इंचार्ज डा. अमर बहादुर शुक्ला, परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान, डिप्टी कंट्रोलर डा. आनंद प्रकाश दूबे, डा. रेणुबाला उपस्थित थे.



छात्र संवाद में छात्रों की समस्या सुनते प्रॉक्टर व अन्य.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR,**
**DATE : 26.11.2024, PAGE-04**

## रिटोटलिंग के लिए बनेगी कमेटी

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए विश्वविद्यालय की ओर से जल्द ही रिटोटलिंग के लिए कमेटी गठन की प्रक्रिया पूरी की जायेगी. इसकी कवायद शुरू हो गयी है. स्नातक या पीजी की परीक्षा में उम्मीद से कम अंक मिले हैं, तो छात्र रिटोटलिंग के लिए आवेदन कर सकते हैं. इसके लिये शुल्क भी तय किया गया है, जिसमें एक पेपर के लिए 75 रुपये शुल्क लगेगा. वहीं विश्वविद्यालय की ओर से गठित कमेटी की निगरानी में रिटोटलिंग की प्रक्रिया पूरी की जायेगी. यदि अंकों में अंतर आता है, तो विश्वविद्यालय की ओर से सुधार कर छात्र को अंकपत्र दिया जायेगा. सोमवार को छात्र संवाद में एक छात्र ने कुलानुशासक को आवेदन देकर रिटोटलिंग कराने का अनुरोध किया.